## खेल विभाग, पटना के अंतर्गत प्रशाखा–01 की दिनांक–01.04.2024 से अबतक की उपलब्धि विवरणीः–

| क्र0 | कार्यवाही | उपलब्धि |
|---|---|---|
| 1 | **स्थान उपलब्धता** :–माननीय मंत्री, प्रधान सचिव, निदेशक (खेल), उप सचिव एवं अन्य पदाधिकारियों तथा संबद्ध कर्मचारियों के विकास भवन, पुनाईचक, पटना में बैठक की व्यवस्था किया जाना। | माननीय मंत्री, प्रधान सचिव, निदेशक (खेल) एवं प्रशाखा–1 एवं 2 का विकास भवन, नया सचिवालय में बैठने की व्यवस्था की गयी है। |
| 2 | **खेल विभाग में पदों का सृजन कराया जाना** :– | विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0–38, दिनांक–21.06.2024 द्वारा खेल विभाग, बिहार, पटना के सचिवालय एवं निदेशालय स्तर के विभिन्न कोटि के कुल 98 (अंठानबे) पदों का सृजन किया गया है। |
| 3 | **क्षेत्रीय स्तर के विभिन्न कोटि के पदों के सृजन हेतु आवश्यक कार्रवाई किया जानाः–** | विभागीय स्वीकृत्यादेश सं०–68 दिनांक–03.09.2024 द्वारा क्षेत्रीय स्तर के विभिन्न कोटि के कुल 466 पदों का सृजन किया गया है। |
| 4 | **बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना में पदों का सृजनः–** | विभागीय स्वीकृत्यादेश सं०–50 दिनांक–24.07.2024 द्वारा बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना में विभिन्न कोटि के कुल 301 पदों का सृजन किया गया है। |
| 5 | **बिहार राज्य खेल अकादमी, राजगीर में पदों का सृजनः–** | विभागीय स्वीकृत्यादेश सं०–51 दिनांक–24.07.2024 एवं स्वीकृत्यादेश सं०–69 दिनांक–03.09.2024 द्वारा बिहार राज्य खेल अकादमी, राजगीर में विभिन्न कोटि के कुल 114 पदों का सृजन किया गया है। |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | **खेल विभाग, पटना के अंतर्गत खेल निदेशालय का गठनः—** | विभागीय संकल्प सं०—531 दिनांक—05.02.2025 द्वारा खेल विभाग, पटना के अंतर्गत खेल निदेशालय का गठन किया गया है। |
| 7 | **खेल विभाग, पटना में अवर सचिव का पदस्थापनः—** | खेल विभाग, पटना में 01 अवर सचिव यथा—श्री उमाकान्त प्रसाद का पदस्थापन किया गया है। |
| 8 | **अभियंताओं की प्रतिनियुक्ति** :—खेल विभाग में कार्यपालक अभियंता/सहायक अभियंता के प्रतिनियुक्ति हेतु सचिव, भवन निर्माण विभाग को एक पत्र लिखा जाय। | श्री रोहित राज, सहायक अभियंता को खेल विभाग, बिहार, पटना में प्रतिनियुक्त किया गया है। |
| 9 | **खेल विभाग, पटना में प्रशाखा पदाधिकारी का पदस्थापनः—** | खेल विभाग, पटना में कुल 04 प्रशाखा पदाधिकारी का पदस्थापन किया गया है। |
| 10 | **खेल विभाग, पटना में सहायक प्रशाखा पदाधिकारी का पदस्थापनः—** | खेल विभाग, पटना में कुल 09 सहायक प्रशाखा पदाधिकारी का पदस्थापन किया गया है। |
| 11 | **खेल विभाग, पटना में चालक की प्रतिनियुक्तिः—** | खेल विभाग, बिहार, पटना में कुल 07 वाहन चालकों की संविदा के आधार पर बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम, पटना से की गयी है। |
| 12 | **खेल विभाग, पटना में प्रोग्रामर एवं डाटा इंट्री ऑपरेटर की प्रतिनियुक्तिः—** | खेल विभाग, बिहार, पटना में 01 प्रोग्रामर एवं 12 डाटा इंट्री ऑपरेटर की प्रतिनियुक्ति बेल्ट्रॉन, पटना से की गयी है। |
| 13 | **बिहार खेल विश्वविद्यालय अधिनियम—2021 में संशोधन के संबंध में:—** | बिहार खेल विश्वविद्यालय अधिनियम—2021 में संशोधन किया गया है। |
| 14 | **बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के उपविधि में संशोधन :—** | विभागीय अधिसूचना सं0—335, दिनांक—12.03.2024 द्वारा उपविधि में कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, पटना तथा निदेशक छात्र एवं युवा कल्याण के |

| | | |
|---|---|---|
| | | स्थान पर क्रमशः खेल विभाग एवं निदेशक (खेल) के रूप में प्रतिस्थापित किया गया है। |
| 15 | **बिहार राज्य खेल प्राधिकरण में लेखा पदाधिकारी एवं रोकड़पाल का पदस्थापन :–** | सामान्य प्रशासन के संकल्प सं0–10,000 दिनांक–10.07.2015 के आलोक में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना में संविदा के आधार पर लेखा पदाधिकारी एवं रोकड़पाल की नियुक्ति की गयी। |
| 16 | **बिहार राज्य खेल प्राधिकरण को वित्तीय शक्ति :–** | बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के कार्यकारिणी समिति की दिनांक–06.05. 2024 को संपन्न द्वितीय बैठक में महानिदेशक, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना को वित्तीय शक्ति प्रदान की गयी है। |
| 17 | **प्रशाखाओं का गठन एवं आवंटित कार्य :–** | विभागीय कार्यालय आदेश ज्ञापांक–564, दिनांक– 07.05.2024 द्वारा खेल विभाग में 05 (पाँच) प्रशाखाओं का गठन किया गया एवं गठित प्रशाखाओं में कार्य आवंटित किया गया है। |
| 18 | **विभाग में गाड़ियों की व्यवस्था :–** | माननीय विभागीय मंत्री महोदय हेतु 02 प्रधान सचिव, 01 निदेशक (खेल), 01 महानिदेशक, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण 01 एवं निदेशक–सह–सचिव, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण 01 अनुमान्यता अनुसार गाड़ी क्रय किया जा चुका है। |
| 19 | **बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर के संचालन हेतु पदस्थापन एवं समितियों के गठन की कार्रवाई :–** | (क) बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर में कुलपति, कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक के नियुक्ति की कार्रवाई की गयी।<br>(ख) बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर |

| | | |
|---|---|---|
| | | के सुगम संचालन हेतु सामान्य परिषद्, कार्यकारिणी समिति, एकेडमी एवं एक्टिविटी परिषद् का गठन किया गया है। |
| 20 | **खेल विभाग के कर्मियों के ए०सी०पी०/एम०ए०सी०पी० की स्वीकृति किया जानाः—** | खेल विभाग के कुल 06 कर्मियों की ए०सी०पी०/एम०ए०सी०पी० की स्वीकृति प्रदान की गयी। |
| 21 | **खेल विभाग के कर्मियों के उच्चतर प्रभार की स्वीकृति की कार्रवाईः—** | खेल विभाग के कुल 04 कर्मियों को उच्चतर पद का प्रभार प्रदान किया गया है। |
| 22 | **खेल विभाग के कर्मियों की सेवा सम्पुष्टिः—** | खेल विभाग के कुल 07 कर्मियों की सेवा सम्पुष्टि की गयी। |
| 23 | **खेल विभाग के कर्मियों का सेवांत लाभ की स्वीकृति की कार्रवाईः—** | खेल विभाग के कुल 07 कर्मियों को सेवांत लाभ की स्वीकृति प्रदान की गयी है। |
| 24 | **माननीय न्यायालय में दायर याचिकाओं में ससमय प्रतिशपथ पत्र दायर किया जानाः—** | माननीय न्यायालय में दायर याचिकाओं में ससमय प्रतिशपथ पत्र दायर किया गया। |
| 25 | **खेल भवन—सह—व्यायामशाला भवन में साफ—सफाई एवं सुरक्षा की व्यवस्था किया जानाः—** | खेल भवन—सह—व्यायामशाला भवन में साफ—सफाई एवं सुरक्षा की व्यवस्था हेतु सफाई कर्मी एवं सुरक्षा कर्मी की व्यवस्था की गयी। |
| 26 | **खेल संवर्ग के कर्मियों का स्थानान्तरण एवं पदस्थापनः—** | खेल विभाग के कार्यों के सुचारू संचालन हेतु खेल संवर्ग के कर्मियों का स्थानान्तरण एवं पदस्थापन किया गया है। |